प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन आज राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर होगी चर्चा, वित्त मंत्री तीन मार्च को पेश करेंगे बजट।
2. मैट्रिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में जांच प्रक्रिया तेज, आज सीआईडी की टीम जैक के अधिकारियों के साथ करेगी बैठक।
3. राज्यकर्मियों को एक मार्च से मिलेगा स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ, वित्त विभाग ने प्रीमियम के लिए कर्मचारियों के वेतन से हर महीने पांच सौ रुपये कटौती का दिया आदेश।
4. राज्यभर में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां जोरों पर, देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के शिखर से उतारे गये पंचशूल, आज होगी विशेष पूजा।
5. नेशनल क्लासिक पावर लिफ्टिंग में झारखंड की श्वेता स्वर्ण पदक जीतकर बनीं स्ट्रांग वूमन ऑफ इंडिया, दो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुवाहाटी में एडवांटेज असम के दूसरे चरण में निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र का उदघाटन करेंगे। दो दिन के शिखर सम्मेलन में एक उदघाटन सत्र, सात मंत्रिस्तरीय सत्र और 14 विषयगत सत्र शामिल हैं। इसमें औद्योगिक विकास, वैश्विक व्यापार साझेदारी और असम के जीवंत सूक्षम, लघु और मध्यम उद्यम–एमएसएमई क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें 240 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे।

********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। सदन में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। कल महाशिवरात्रि को लेकर सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगी। 27 मार्च को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2024– 25 की तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी सदन के पटल पर रखेंगे। श्री किशोर तीन मार्च को वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगे।

********************

राज्य में मैट्रिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में जांच की प्रक्रिया तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में आज जैक के अधिकारियों के साथ सीबीआई की टीम बैठक करेगी। जैक के अधिकारियों को पूरी रिपोर्ट के साथ बैठक में शामिल होने को कहा गया है। इससे पहले कल डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस मामले में पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

********************

राज्यकर्मियों को एक मार्च से स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा। वित्त विभाग ने मार्च महीने से प्रीमियम के लिए कर्मचारियों के वेतन से हर माह पांच सौ रुपये कटौती का आदेश दिया। कर्मियों को अब चिकित्सा भत्ता के लिए एक हजार रुपये की जगह 500 रुपये ही मिलेंगे। 500 रुपये प्रतिमाह की दर से स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम के लिए 6000 रुपये एक मुश्त काटे जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के संकल्प के बाद वित्त विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

********************

योग शिक्षिका और भाजपा नेत्री राफिया नाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने समन जारी किया है। एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा ने उनकी पेशी की तारीख तीन मार्च निर्धारित की है। इस बीच राफिया नाज ने कहा है कि उन्हें अदालत पर पूरा भरोसा है।

********************

तेलंगाना में सुरंग में फंसे गुमला के चार मजदूरों समेत आठ श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास तेज कर दिये गये हैं। इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर गुमला प्रशासन ने चारों श्रमिकों के परिजनों को विमान से तेलंगाना भेजा है। उनके साथ गुमला के दो पदाधिकारी भी रवाना हो गए।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19 वीं किस्त जारी कर दी गई है। सरकार के इस कदम से रांची जिले के किसानों में खुशी की लहर है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर है। उधर बाबानगरी देवघर में बाबा बैद्यनाथ और माता पार्वती मंदिर के शिखर पर स्थापित पंचशूलों को उतारा गया। इस दौरान पंचशूलों के स्पर्श करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। आज पंचशूलों की विशेष पूजा–अर्चना होगी और इसके बाद फिर से मंदिरों के शिखर पर इन्हें लगाया जायेगा।

********************

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में ऐतिहासिक महाकुंभ का आधिकारिक समापन कल महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर होगा। प्रशासन ने इसे दिव्य और भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारी की हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई पहल की गई हैं।

********************

उज्जैन में आयोजित नेशनल क्लासिक पावर लिफ्टिंग के 47 किलोग्राम भार वर्ग में झारखंड की श्वेता रे ने दो राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता है। इसके साथ ही जमशेदपुर की रहने वाली श्वेता ने स्ट्रांग वूमन ऑफ इंडिया का खिताब अपने नाम कर लिया।

********************

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो गया है। इसके साथ ही मौसम में एक बार फिर परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में वृद्धि होगी और गर्मी का एहसास होगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 26 फरवरी के बाद तामपान में अचानक वृद्धि होगी। हालांकि 27 फरवरी को पलामू और आसपास के इलाके में बादल छा सकते हैं।

********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा रखे गए हथियार एवं गोला बारूद बरामद किये हैं। इनमें राइफल, ग्रेनेड, कारतूस एवं अन्य विस्फोटक सामग्री शामिल हैं।
- खूंटी में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान 70 अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में कार्य करने के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया।

********************

और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने राज्यपाल के हवाले से लिखा है– नए विजन–नए संकल्प से राज्य बन रहा सशक्त।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पांच साल में उपयोग नहीं हुई अधिग्रहित जमीन, तो रैयत को लौटाने के लिए बनेगा आयोग।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– सुरंग में फंसे मजदूरों का संकट बढ़ा, परिजन तेलंगाना रवाना।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है– चारा खाने वाले, किसानों का भला कभी नहीं कर सकते।